भारत सरकार
विद्‌युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1655
दिनांक 05 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

बिजली की मांग और आपूर्ति

1655. डॉ. राजकुमार सांगवानः

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश, विशेषकर बागपत जिले में बिजली की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या बागपत में विद्‌युत परियोजनाओं के विस्तार का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्‌वारा इस पर क्या निर्णय लिया गया है?

उत्तर

विद्‌युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) : उत्तर प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष में अक्तूबर, 2024 तक ऊर्जा के संदर्भ में विद्‌युत आपूर्ति की स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध-I** पर है। विद्‌युत आपूर्ति की स्थिति दर्शाती है कि विद्‌युत की आपूर्ति, विद्‌युत आवश्यकता के अनुरूप रही है और ऊर्जा की कमी वित्त वर्ष 2022 में 0.9% से घटकर वित्त वर्ष 2025 (अक्तूबर, 2024 तक) में 0.3% हो गया है।

विद्‌युत, समवर्ती विषय होने के कारण, किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में उपभोक्ताओं को विद्‌युत की आपूर्ति और वितरण संबंधित राज्य सरकार/विद्‌युत यूटिलिटीज के अधिकार क्षेत्र में आता है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले सहित विभिन्न जिलों को विद्‌युत आपूर्ति संबंधित राज्य सरकार/विद्‌युत यूटिलिटीज के अधिकार क्षेत्र में है।

(ग) और (घ) : उत्तर प्रदेश राज्य में निर्माणाधीन नई विद्‌युत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-II** पर है।

लो.स. अतारां.प्र.सं. 1655

अनुबंध-I

ऊर्जा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष में अक्तूबर, 2024 तक विद्युत आपूर्ति की स्थिति का ब्यौरा

वर्ष	ऊर्जा [मिलियन यूनिट (एमयू) में]			
	ऊर्जा की आवश्यकता	ऊर्जा की आपूर्ति	ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई	
	(एमयू)	(एमयू)	(एमयू)	(%)
2021-22	1,29,448	1,28,310	1,138	0.9
2022-23	1,44,251	1,43,050	1,201	0.8
2023-24	1,48,791	1,48,287	504	0.3
2024-25 (अक्तूबर, 2024 तक)*	1,11,367	1,11,071	296	0.3

***अक्तूबर, 2024 के आंकड़े अनंतिम हैं।**

लो.स. अतारां.प्र.सं. 1655

अनुबंध-II

उत्तर प्रदेश राज्य में निर्माणाधीन नई विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा

क्र.सं.	परियोजना का नाम / कार्यान्वयन एजेंसी	जिला	क्षेत्र	इकाई सं.	क्षमता (मेगावाट)
1	घाटमपुर टीपीपी (एनयूपीपीएल)	कानपुर	केंद्रीय	यू-1, 2 एवं 3	1980
2	जवाहरपुर एसटीटीपी (यूपीआरवीयूएनएल)	एटा	राज्य	यू-2	660
4	खुर्जा एससीटीपीपी (टीएचडीसी)	बुलंदशहर	केंद्रीय	यू-1 & 2	1320
3	ओबरा-सी एसटीटीपी (यूपीआरवीयूएनएल)	सोनभद्र	राज्य	यू-2	660
5	पंकी टीपीएस एक्सटेंशन (यूपीआरवीयूएनएल)	कानपुर	राज्य	यू-1	660
महा योग					**5280**

****